Std.-VI .Hindi Lang.(सर्वनाम)

*Qn 1. सर्वनाम की परिभाषा लिखें ।*

उत्तर:- संज्ञा के स्थान पर आने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।जैसे:- मैं,तुम,वह,वे,अपना, मेरा।

*Qn.2 .सर्वनाम के भेदों की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें।*

उत्तर:- सर्वनाम के छः भेद होते हैं:-

1)पुरुषवाचक सर्वनाम

2)निश्चयवाचक सर्वनाम

3) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

4)प्रश्नवाचक सर्वनाम

5 )सम्बंधवाचक सर्वनाम

6) निजवाचक सर्वनाम

*1)पुरूषवाचक सर्वनाम*:- जिन सर्वनाम शब्दों से कहने वाले,सुनने वाले और जिसके विषय में बात की जाए ,का ज्ञान हो,उसे पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं।जैसे- *मैंने तुम्हें उसे* बुलाने के लिए कहा।

*2) निश्चयवाचक सर्वनाम*:-जो सर्वनाम शब्द किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु की ओर इशारा करे,उसे निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।जैसे- *यह मेरी* पुस्तक है।

*3) अनिश्चयवाचक सर्वनाम* :- जिस सर्वनाम शब्द के द्वारा किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध न हो,उसे अनिश्चय वाचक सर्वनाम कहते हैं।जैसे- *कुछ* खाकर ही बाहर निकलो ।

*4)प्रश्नवाचक सर्वनाम*:-जिस सर्वनाम शब्द से प्रश्न पूछा जाए,उसे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं।जैसे- तुम *कहाँ* जा रहे हो?

*5)सम्बंधवाचक सर्वनाम*:- जो सर्वनाम शब्द वाक्य में आए किसी दूसरे सर्वनाम शब्द से सम्बंध का बोध कराए ,उसे सम्बन्धवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे- *जो* मेहनत करेगा, *वो* पास होगा।

*6) निजवाचक सर्वनाम* :-जिस सर्वनाम शब्द का प्रयोग स्वयं के लिए हो,उसे निजवाचक सर्वनाम कहते हैं।जैसे-मैं *स्वयं* चला जाऊँगा।

*Qn.2. नीचे लिखे वाक्यों में सर्वनाम रेखांकित कर उसके भेद लिखें:--*

क) वह *अपने आप* आएगा ।--निजवाचक सर्वनाम

ख) *कौन* गा रहा था?--प्रश्न वाचक सर्वनाम

ग) *जो* यहाँ रहता है, *वह* मेरा भाई है।--सम्बंधवाचक सर्वनाम

घ) थैले में *कुछ* रखा है ।अनिश्चयवाचक सर्वनाम

च) *यह मेरा* छोटा भाई है।-निश्चयवाचक सर्वनाम

छ) *मैंने तुमसे उसकी* शिकायत की।--पुरुषवाचक सर्वनाम

ज) *मुझे तुमसे* बात करनी चाहिए ।--पुरुषवाचक सर्वनाम

झ)मैं *खुद* पत्र लिखूँगा।- निजवाचक सर्वनाम

ट) *जो* झूठ बोला, *वह* पकड़ा गया।--सम्बंधवाचक सर्वनाम

ठ) *वह मेरा* घर है।--निश्चय वाचक सर्वनाम

ड)यहाँ *कोई* बैठा था।-अनिश्चय वाचक सर्वनाम

ढ)तुम *किधर* गए थे?--प्रश्न वाचक सर्वनाम

त) *आप* भला , *तो* जग भला।-सम्बंधवाचक सर्वनाम

थ) *मैंने तुम्हारी* पुस्तक *उसे* दे दी।--पुरुष वाचक सर्वनाम

द)वह *कुछ* लाया था।--अनिश्चयवाचक सर्वनाम

ध)मुझे *स्वयं* चला जाना चाहिएद था।--निजवाचक सर्वनाम

न) *वह मेरे* घर आया था।--निश्चयवाचक सर्वनाम

प)तुम्हें हिंदी *कौन* पढ़ाता है?--प्रश्नवाचक सर्वनाम